# बाराबंकी को यूपी के पहले बॉक्स पार्क की मिली सौगात

## स्वास्थ्य, सुकून, फूड, रिटेल और मनोरंजन का होगा अनूठा केंद्र

## 110 करोड़ से लखनऊ-अयोध्या हाईवे किनारे होगा निर्माण

श्रुतिमान शुक्ल

**बाराबंकी।** लखनऊ से सटे बाराबंकी को यूपी के पहले बॉक्स पार्क की सौगात मिली है। यहां मस्ती के साथ शॉपिंग, स्वीमिंग व स्लो लाइफ का पूरा आनंद मिलेगा। लंदन की कंपनी शहर के निकट 110 करोड़ से पार्क स्थापित करेगी।

एमओयू पर साइन होने के बाद पर्यटन विभाग ने इसे अनुमति दे दी है। उद्योग विभाग भी इसमें सहयोग कर रहा है। उम्मीद है कि यह व्यावसायिक हब आगे एक हजार करोड़ की लागत तक पहुंचेगा और बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। बॉक्स पार्क एक निजी कंपनी है, जिसकी शुरुआत 2011 में लंदन में हुई थी।



### दो हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

जिले में उद्यमियों को निवेश के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। बॉक्स पार्क में करीब 2000 युवाओं को नौकरी मिलेगी। केवल इतना नहीं, यह लखनऊ व आसपास के जिलों के लोगों को लुभाने वाली जगह होगी। **-शशांक त्रिपाठी, जिलाधिकारी, बाराबंकी**

इसका मकसद कंटेनरों से बने अनोखे मॉल या हब तैयार करना है, जहां लोग सिर्फ खरीदारी ही न करें, बल्कि खाना-पीना, संगीत सुनना, मैच देखना और सोशल एक्टिविटी भी कर सकें।

इनमें खेल स्क्रीनिंग, सोशल गेम और आयोजन भी होते हैं। जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त आशुतोष सिंह ने बताया कि बॉक्स पार्क से रोजगार के नए अवसर बनेंगे। मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र रहमान अंसारी ने बताया कि यह प्रोजेक्ट स्वास्थ्य, सुकून और वेलनेस का नया ठिकाना बनेगा। यह परियोजना बाराबंकी को न सिर्फ विकास की नई पहचान देगी, बल्कि जिले की युवा पीढ़ी और परिवारों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगी। संवाद